3. संक्रमण तत्त्व आसानी से मिश्रधातु बना लेते हैं क्योंकि :


(A) उनके समान इलेक्ट्रॉनिक विन्यास होते हैं

(B) उनकी समान कणन एन्थैल्पी होती हैं


(C) उनकी समान ऑक्सीकरण अवस्थाएँ होती हैं


(D) उनके लगभग समान परमाणु आमाप (साइज़) होते हैं


4. निम्नलिखित अभिक्रिया पर विचार कीजिए :





प्राप्त मुख्य उत्पाद है :

(A) 


(B) 


(C) 


(D) 


5. निम्नलिखित यौगिकों में से किसका $pK_a$ मान उच्चतम है ?

(A) *p*-नाइट्रोफ़ीनॉल

(B) *m*-नाइट्रोफ़ीनॉल

(C) *p*-क्रीसॉल

(D) 2,4,6-ट्राइनाइट्रोफ़ीनॉल

6. $C_6H_5 - O - CH_3$ को HI के साथ अभिकृत किए जाने पर देता है :

(A) $C_6H_5 - I + CH_3 - OH$

(B) $C_6H_5 - OH + CH_3 - I$

(C) $C_6H_5 - OH + CH_3 - OH$

(D) $C_6H_5 - I + CH_3 - I$


https://www.evidyarthi.in/

**13.** *अभिकथन (A) :* अनादर्श विलयन के लिए $\Delta_{मिश्रण}H$ और $\Delta_{मिश्रण}V$ शून्य होते हैं ।

*कारण (R) :* अनादर्श विलयन में विलेय-विलायक अन्योन्यक्रियाएँ, शुद्ध विलायक-विलायक अन्योन्यक्रियाओं और शुद्ध विलेय-विलेय अन्योन्यक्रियाओं के समान नहीं होती हैं ।

**14.** *अभिकथन (A) :* ताप में वृद्धि के साथ अभिक्रिया वेग में वृद्धि होती है ।

*कारण (R) :* ताप में वृद्धि के साथ प्रभावी संघट्टों की संख्या में वृद्धि होती है ।

**15.** *अभिकथन (A) :* डाइमेथिल ईथर की तुलना में एथेनॉल का क्वथनांक उच्चतर होता है ।

*कारण (R) :* डाइमेथिल ईथर के अणु हाइड्रोजन आबंधन द्वारा संबद्ध होते हैं ।

**16.** *अभिकथन (A) :* ऐनिलीन फ्रीडेल-क्राफ्ट्स अभिक्रिया करती है ।

*कारण (R) :* फ्रीडेल-क्राफ्ट्स अभिक्रिया में ऐनिलीन, लुइस अम्ल $AlCl_3$ के साथ लवण बनाती है ।

## खण्ड ख

**17.** निम्नलिखित के साथ ग्लूकोस की अभिक्रिया लिखिए : *2×1=2*

(क) $H_2N - OH$

(ख) $Br_2$ जल

**18.** निम्नलिखित रासायनिक अभिक्रियाओं को पूर्ण एवं संतुलित कीजिए : *2×1=2*

(क) $KMnO_4 \xrightarrow{\text{गरम}}$

(ख) $2MnO_4^- + 5C_2O_4^{2-} + 16H^+ \longrightarrow$

**19.** (क) मोलल अवनमन स्थिरांक को परिभाषित कीजिए । यह गलन एन्थैल्पी से किस प्रकार संबंधित है ? *2*

**अथवा**

(ख) एथेनॉल और ऐसीटोन मिश्रण द्वारा किस प्रकार का विचलन दर्शाया जाता है ? कारण दीजिए । इस विचलन से किस प्रकार का स्थिरक्वाथी मिश्रण निर्मित होता है ? *2*



https://www.evidyarthi.in/

